## खबर संक्षेप

### जेएमआईटी कॉलेज में 19 नवम्बर को आयोजित होगा रक्तदान शिविर

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में 19 नवंबर को सुबह 10 बजे सेठ विजय कुमार के जन्मदिवस पर 28वें रक्तदान मेले का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में स्वास्थ्य विभाग की टीमें अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के निदेशक डा. एसके गर्ग ने कहा कि हर वर्ष सेठ विजय कुमार के जन्मदिवस पर कॉलेज में रक्तदान मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी स्वेच्छा से रक्तदान करते है। रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से मनुष्य के शरीर पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ता।

### मुकंदलाल नेशनल कॉलेज का वार्षिक समारोह 20 नवम्बर को

**रादौर ।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में 20 नवम्बर को वार्षिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कॉलेज की प्रिंसिपल डा. माला शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुकंद संस्था के चेयरमैन सेठ अशोक कुमार मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जायेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियों जोरो पर है।


### साध्वी वंशिका भारती ने श्रद्धालुओं को समझाया जीवन में सेवा का महत्व

# नि:स्वार्थ भावना से की गई सेवा साक्षात भक्ति का स्वरूप : भारती

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी वंशिका भारती ने शिष्य के जीवन में सेवा के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्द कर दिया।

साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि निःस्वार्थ एवं परोपकार की भावना से की हुई सेवा साक्षात भक्ति का एक स्वरूप है। क्योंकि जब हम स्वार्थ रहित होकर लोक कल्याण हेतु कोई कार्य करते हैं तो वह हमारे अहम्‌ को समाप्त करता है। उन्होंने कहा कि अहंकार युक्त व्यक्ति कदापि सेवा नहीं कर सकता है। क्योंकि सेवा कार्य के लिए नम्रता, धैर्य, समर्पण और निष्ठा जैसे गुणों की आवश्यकता होती है। जो निरंतर सत्संग और साधना के द्वारा ही एक साधक के भीतर प्रकट होते हैं। जब सेवा को सत्संग एवं साधना का आधार प्रदान नहीं किया जाता तो सेवा भी कभी कभी साधक के लिए सूक्ष्म अहंकार का कारण हो जाती है। मगर निरंतर गुरु आज्ञा में रहते हुए पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ सेवा कार्य किया जाए तो वह सेवा ही शिष्य के भीतर सद्गुणों को रोपित करने और उसके पूर्वजन्म के करम संस्कारों को काटने का माध्यम बन जाती है । क्योंकि जब एक शिष्य गुरु आज्ञा में ही रहकर कोई सेवा कार्य करता है। उस समय के दौरान गुरू अपनी कृपा एवं तपोबल के द्वारा शिष्य के संचित कर्मों को काटकर उसके प्रारब्ध की धार को कुंठित कर देते हैं। ताकि शिष्य के भविष्य में आने वाला प्रारब्ध उसे अधिक कष्ट या पीड़ा न दे। गुरु अपने शिष्य के लिए ऐसी करूणामई माता बन जाते हैं। जो अपने शिष्य पर आने वाले हर कष्ट को स्वयं उठाते हैं और उसे जन्म मृत्यु के बंधन से सदा के लिए मुक्त कर देते हैं। गुरु ही ब्रह्मज्ञान के द्वारा अपने शिष्य के अंतःकरण में परमात्मा का प्रकाश स्वरूप में दर्शन करवा के उसके जीवन से अज्ञानता के अंधकार को समूल विनष्ट कर दिया करते हैं। पूर्ण गुरू के पूर्ण दरबार की सेवा मिल जाना अपने आप में ही परम सौभाग्य है। क्योंकि जब किसी जीवात्मा को परमात्मा परम कल्याण के लिए चुन लेता है तो कदाचित तभी उसे गुरु दरबार तक लाया जाता है। प्रकृति में एक बिधि बनती है जिसके द्वारा हमें पूर्ण गुरु की शरणागत होने का सुअवसर प्राप्त होता है। लेकिन गुरु की आज्ञा में चलते हुए अपने परम लक्ष्य को प्राप्त करना या न करना ये शिष्य का अपना चुनाव होता है । क्योंकि गुरू अपने शिष्य की अनुमति के बिना उसके जीवन में हस्तक्षेप नहीं करते है। बल्कि वह तो अपने शिष्य का समर्पण भाव एवं उसका विश्वास परखते हुए उसकी आत्मा को उसके परम लक्ष्य तक लेकर जाने में सहायक होते हैं।




यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी वंशिका भारती व श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

#### कम से कम सेवा को जीवन में स्थान दें

*साधवी ने फरमाया कि यदि हम से जीवन में कुछ भी न हो पाए तो कम से कम सेवा कार्य को अपने जीवन में अवश्य स्थान देना चाहिए। क्योंकि परोपकार एवं लोक कल्याण हेतु किया गया सेवा कार्य ही आत्म कल्याण का सहज मार्ग है। साध्वी बहनों ने कार्यक्रम के अंत में सुंदर भजनों एवं सामूहिक ध्यान साधना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।*



यमुनानगर। बहादुरपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारंभ करते मुख्यातिथि व अन्य।

### खेलों से मानसिक व शारीरिक विकास संभव

**रादौर।** गांव बहादरपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को फाइनल मुकाबला खजूरी व खेड़ी मानसिंह के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि युवा कांग्रेसी नेता उमेश बुबका विशेष रूप से उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि उमेश बुबका ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेड़ी मानसिंह की टीम ने खजूरी की टीम को 40 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

इस मौके पर उपस्थित उमेश बुबका ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों से हमारा मानसिक व शारीरिक विकास होता है। सभी को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने गांव व माता पिता का नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर विक्की, सैंकी, दीपू, कपिल, रिंकू, दिनेश, विजय, राकेश मौजूद रहे।

### अग्रवाल वैश्य समाज ने मनाया लाला लाजपतराय का शहीदी दिवस

**रादौर।** अग्रवाल वैश्य समाज के तत्वाधान में सोमवार को रादौर में शेरे पंजाब लाला लाजपतराय का शहीदी दिवस मनाया गया। मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री एडवोकेट पुनीत गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि आजादी के दौरान लाजपत राय ने साइमन कमिशन का लाहौर में पहुंचने पर जोरदार विरोध करते हुए साइमन कमीशन वापिस जाओ के नारे लगाए थे। जिसके बाद अंग्रेजों ने लाला लाजपतराय व हजारों निर्दोष भारतीयों के ऊपर लाठीचार्ज करवाया था। लाठी चार्ज के दौरान लाला लाजपतराय जी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद लाला जी ने अंग्रेजों ने चेतावनी देते हुए कहा था कि मेरे ऊपर पड़ी एक एक लाठी का वार अंग्रेजों के कफन में कील का काम करेगा। लाठीचार्ज से घायल हुए लाला जी ने कुछ समय बाद दम तोड दिया। लाला जी द्वारा देश के लोगों को स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए प्रेरित किया था। उन्होंने देश के युवाओं को आजादी की लड़ाई में कूद पडने के लिए जागरूक किया था। जिसके बाद देश के लाखों युवा स्वतंत्रता की लड़ाई में कूद पड़े थे। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

# योग व मेडिटेशन करके नशे से पाई जा सकती है मुक्ति : कांबोज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में सोमवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेड क्रास क्लब व रेड रिबन क्लब का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास कंबोज, प्रोजेक्ट मैनेजर सोशल एंपावरमेंट एंड वेलफेयर एसोसिएशन सेवा से मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

उन्होंने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों और नशे का किस तरह से परिवार, समाज व युवाओं पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। इसके बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने बताया कि हम किस प्रकार योग व मेडिटेशन द्वारा नशे से मुक्ति पा सकते हैं, विस्तार से बताया। कांबोज ने कुछ उदाहरण के माध्यम विद्यार्थियों को बताया कि नशा करने से न केवल युवा खुद बल्कि उनका पूरा परिवार खत्म हो जाता है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ माला शर्मा ने मुख्य वक्ता का जोरदार स्वागत किया। कॉलेज के रेड क्रास क्लब के इंचार्ज प्रो आशीष भल्ला ने बताया कि आज नशा युवाओं के साथ-साथ उनकी पूरे परिवार को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। नशे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए हमें खुद से इसकी शुरुआत करनी पड़ेगी। इस अवसर पर प्रो जयचंद व कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।



यमुनानगर। मुकंदलाल कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते वक्ता।

### स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में शिक्षक प्रशिक्षण

## क्षमता निर्माण कार्यक्रम 'खुशहाल कक्षाएं' में शिक्षकों को दिए टिप्स



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में शिक्षक प्रशिक्षण के तहत सीबीएसई द्वारा क्षमता निर्माण कार्यक्रम खुशहाल कक्षाएं विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति निधि त्रिपाठी व दीपांशु मल्होत्रा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। प्रधानाचार्या ज्योति नागपाल सेठी के मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालय के शिक्षक शामिल हुए। प्रधानाचार्य ज्योति नागपाल ने बताया कि संसाधन व्यक्तियों ने विद्यार्थियों व शिक्षकों के बीच सामंजस्य बनाते हुए खुशहाल कक्षाओं का निर्माण किस प्रकार किया जा सकता आदि बारे जानकारी उपलध करवाई । प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना की और संसाधन व्यक्तियों का धन्यवाद किया। शिक्षकों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक व ज्ञानवर्धक बताया। प्रधानाचार्य उन्होंने आशा जताई कि कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान और अनुभव को शिक्षक अपने शिक्षण कार्य में अवश्य लागू करेंगे।

# शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्र

- स्माइल फाउंडेशन ने श्री गुरुद्वारा साहिब प्रबंधक कमेटी विष्णु नगर के सहयोग से आयोजित किया रक्तदान शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

स्माइल फाउंडेशन के तत्वावधान में श्री गुरुद्वारा साहिब प्रबंधक कमेटी विष्णु नगर के सहयोग से मिशन रक्त क्रांति हिंदुस्तान अभियान के तहत सोमवार को श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस और भाई मति सति दास एवं भाई दयाला के शहीदी दिवस पर गुरु नानक खालसा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। श्री गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार अमरीक सिंह व सचिव सरदार मंजीत सिंह और स्माइल फाउंडेशन यमुनानगर से डाक्टर संजीव मेहता छिब्बर ने रक्तदानियों को बैज लगाकर शिविर का शुभारंभ किया।

रक्तदान शिविर में चिकित्सकों द्वारा 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मौके पर श्री गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार अमरीक सिंह व स्माइल फाउंडेशन के डॉक्टर संजीव मेहता छिब्बर ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने हिन्दुओं के जनेऊ की रक्षा करने का दृढ़ संकल्प लिया और मुगलों के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी, जिसमें शहादत मिली। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक की महाराणा प्रताप चौक के नजदीक शाखा की ओर से सभी रक्तदाताओं को जलपान करवाया गया। मौके पर बैंक के अमनदीप सिंह, गितेश बजाज, शहीद भाई मति दास चैरिटेबल ट्रस्ट एवं स्माइल फाउंडेशन के प्रभजोत सिंह, राहुल दुरेजा, डॉक्टर रमेश, स्वामी विवेकानन्द ब्लड बैंक से कमल पंघाल,यशविंदर कांबोज,हिमांशी गौरव और नसीम मौजूद रहे।



यमुनानगर। गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाता को बैज लगाकर शिविर का शुभारंभ करते हुए अतिथि।

### अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** गांव नगला जागीर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव नगला जागीर निवासी अरूण कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 47 वर्षीय शीश राम 14 नवंबर को रात 10 बजे घर आ रहा था। इस दौरान सड़क पार करते समय तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके पिता को टक्कर मार दी। हादसे में उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा।

# एसटीपी में गंदे पानी से परेशानी

- रादौर की ओड कॉलोनी में स्थित एसटीपी पंपिंग स्टेशन में गंदा पानी जमा होने से क्षेत्र में बीमारियां फैलने की है आशंका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

रादौर की ओड कॉलोनी में स्थित एसटीपी पंपिंग स्टेशन में गंदा पानी जमा होने से कालोनी के लोग परेशान हैं। ओड कालोनी के लोगों को एसटीपी पंपिंग स्टेशन में गंदा पानी जमा होने से बीमारियां फैलने का डर सताने लगा है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से स्टेशन में जमा गंदे पानी की निकासी किए जाने की मांग की।

क्षेत्र निवासी गुरनाम सिंह, देशराज, रामचंद्र, सूरजभान व सुरेंद्र आदि बताया कि पिछले काफी समय से एसटीपी पंपिंग स्टेशन के परिसर में गंदा पानी जमा है। इस संबंध में कई बार पब्लिक हैल्थ व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को इस बारे अवगत भी करवा चुके हैं। मगर अभी तक उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि गंदे पानी में मक्खी मच्छर पैदा हो गए हैं। जिससे क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया व चिकिनगुनिया आदि फैलने का डर सताने लगा हैं। क्षेत्र के लोगों ने सरकार व प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की।



यमुनानगर । रादौर की ओड कॉलोनी स्थित एसटीपी पंपिंग स्टेशन में जमा पानी।

# विक्रम धीमान को प्रधान और नरेंद्र धीमान को चुना मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का ब्रांच सचिव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्यों की बैठक यूनियन कार्यालय में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ उपप्रधान नरेश सैनी ने की व संचालन निवर्तमान ब्रांच सचिव विक्रम धीमान ने किया।

बैठक में सबसे पहले दिवंगत पवन शर्मा की याद में दो मिनट का मौन धारण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में जिला प्रधान सुरेंद्र काला व जिला सचिव प्रेम प्रकाश की उपस्थिति में व ब्रांच कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा लिए निर्णय अनुसार पूर्व दिवंगत ब्रांच प्रधान पवन शर्मा के आकस्मिक निधन होने के कारण रिक्त हुए पद पर निवर्तमान सचिव विक्रम धीमान को ब्रांच प्रधान, नरेंद्र धीमान को सचिव व अजय कुमार मुख्य संगठनकर्ता के पद पर जिम्मेदारी सौंपी गई। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों को विश्वास दिलाते हुए कहा पब्लिक हेल्थ में कार्यरत नियमित व अनियमित कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर जल्द ही मांग पत्र तैयार करके कार्यकारी अभियंता के साथ बैठक की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी। मीटिंग में उपस्थित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव गुलशन भारद्वाज व जिला ऑडिटर मनजिंदर सिंह ने कहा कि सरकार की नीतियों व वायदा खिलाफी को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के राष्टीय आह्वान पर 26 नवंबर को जिला मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे।



यमुनानगर । चुने गए पदाधिकारियों को शपथ दिलाते यूनियन पदाधिकारी।

#### यह रहे मौजूद

*इस मौके पर नरेंद्र कांबोज, रणधीर पंजेटा, रमेश, राजेश कुमार, उपप्रधान संजय सैनी, सह सचिव विजय कुमार व तरसेम सैनी उपस्थित थे।*

### अवैध देसी कट्टा और जिंदा राउंड के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला अपराध अन्वेषण शाखा ने रादौर के त्रिवेणी चौक के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा व एक जिंदा राउंड बरामद किया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शाखा में तैनात हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ रादौर क्षेत्र में गश्त कर रहा था। वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी कट्टा व एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। आरोपी की पहचान कुरुक्षेत्र के गांव खेड़ी दबदलान निवासी रोहित खान के रूप में हुई।

**आयोजन** — भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा पंजाबी धर्मशाला में मां दुर्गा की महाआरती

# बच्चों को बनाएं नशामुक्त, चरित्र और संस्कारवान, सेवा का लें संकल्प : मेहता

ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र मेहता ने मां दुर्गा की मूर्ति के समक्ष ज्योत प्रज्जवलित की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रादौर की पंजाबी धर्मशाला में मां जगत जननी मां जगदम्बा की महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती का शुभारंभ संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र मेहता ने मां दुर्गा की मूर्ति के समक्ष ज्योत प्रज्जवलित करके किया। मंच संचालन तेजपाल ने किया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र मेहता ने कहा कि मानव नशा मुक्त, मांसाहारमुक्त व चरित्रवान जीवन जीते हुए मानवता की सेवा में संकल्प के साथ अपने जीवन की यात्रा को लेकर पूर्णता की तरफ जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में जो भी लोग सहभागी बनेंगे अपनी सेवाएं देंगे। वह बड़े ही संस्कारवान व सौभाग्यशाली होंगे। हमें भी संकल्प के साथ इस यात्रा में चलना होगा और अपनी संतानों को भी इस यात्रा में बढ़ाना होगा। ताकि वे संस्कारवान बन सकें। राजेंद्र मेहता ने बताया कि आज समाज में भ्रष्टाचार बड़ी तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसके दोषी अधिकतर राजनेता और प्रशासन तो हैं ही लेकिन उसके साथ साथ हम लोग भी दोषी हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों को संस्कारवान बनाना चाहिए और हमें अपने बच्चों को धर्म से जोड़ कर रखना चाहिए। मौके पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के किसान मोर्चा अध्यक्ष विक्रम सैनी ने कहा कि 29 व 30 नवंबर को लाडवा में मां दुर्गा का पाठ होगा। वहीं, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष दीवान चंद ने आए हुए लोगों का धन्यवाद किया। मौके पर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राजबीर, सत्प्रकाश, राजेश बुबका, कविता, रेशमा, मुस्कान, सुमन, प्रविता, राय सिंह, बाबूराम, सोहनलाल, तेजपाल,अनिल, सतीश व बलवंत आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर स्थित पंजाबी धर्मशाला में आयोजित महाआरती में भाग लेते हुए भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य।

### ऐसा झूठ आमजन को पड़ सकता है भारी

## दमकल कर्मचारियों को दी झूठी सूचना, किया अभद्र व्यवहार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत किया मामला दर्ज

दमकल कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक दमकल कर्मचारी सुखबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एचकेआरएन में फायर ब्रिगेड की गाड़ी पर रादौर में तैनात है। उन्हें फोन पर किसी व्यक्ति ने सूचना दी थी कि घिलौर के सरकारी स्कूल में आग लग गई है। सूचना मिलते ही वह तुरंत एक अन्य दमकल कर्मचारी अमित कुमार के साथ दमकल की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। मगर वहां पर कहीं भी आग लगी हुई नहीं मिली। उन्होंने जिस नंबर से उन्हें फोन आया था उस पर संपर्क किया तो उस व्यक्ति ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान नरेंद्र कुमार के रूप में हुई। आरोप है कि कुछ देर के बाद आरोपी ने मौके पर पहुंचकर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ अभद्र व्यवहार करने व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।


कुरुक्षेत्र। भांगड़े की प्रस्तुति देते कलाकार।


कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।


कुरुक्षेत्र। सरस एवं क्राफ्ट मेले में आए पर्यटकों का मनोरंजन करते कच्ची घोड़ी के कलाकार।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव : लुप्त हुई लोक संस्कृति विरासत को संजोए और जीवंत रखने के लिए एक बड़ा मंच

# विभिन्न प्रदेशों की लोक सांस्कृतिक के संगम ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव विलुप्त हुई लोक संस्कृति विरासत को संजोए और जीवंत रखने के लिए एक बड़ा मंच है। इतना ही नहीं देश प्रदेश से आए हुए लोक कलाकार अपने-अपने राज्यों की लोक संस्कृति से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करने का काम कर रहे है। इतना ही नहीं सिर पर पगड़ी हाथ में बीन और ढोल की थाप के साथ जब ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर बीन का लहर बजता है तब सरोवर की लहरें भी अपने आप आकर्षित होती नजर आ रही है। इस अद्भुत कला के आगे सरोवर सराबोर होकर अपने आप को इस लहरा के आगे समर्पित कर रहा है।धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर के तट पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए लोक लोक कलाकारों ने अपनी अद्भुत लोक कला से महोत्सव में चार चांद लगाने का काम किया है। इन लोक कलाकारों की अदभुत अनोखी लोक धुन पर पर्यटकों के साथ-साथ ब्रह्मसरोवर की लहरें भी लहरा कर स्वागत करती नजर आ रही है। बीन बांसुरी, नगाड़े वादक,


कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

डेरू वादक और कच्ची घोड़ी, राजस्थानी लोक कला के साथ-साथ अन्य लोक कलाकारों ने महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को नाचने पर मजबूर किया है। इस महोत्सव में युवाओं के साथ-साथ बुर्जुग भी इन लोक कलाओं के आगे नतमस्तक होते नजर आ रहे है, महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक इन लोक कलाओं की धुनों पर नाचने को मजबूर हो रहा है तथा महोत्सव के रंगों को अपने आप में रंगने का काम कर रहा है।

### सांस्कृतिक कला का रंग विदेशों में भी दिखाई दे रहा

*अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर हजारों की संख्या में पर्यटकों ने इन लोक कलाकारों की लोक कला को बहुत ही ज्यादा सराहा है। ब्रह्मसरोवर के तट पर जहां भी पर्यटक इन लोक कलाकारों की धुन को सुनते है तब उनके पैर अपने आप थिरकने पर मजबूर हो जाते है। इन लोक कलाओं ने इस महोत्सव में एक अलग पहचान बनाने का काम किया है। एनजैडसीसी व प्रशासन की तरफ से आमंत्रित किए गए इन कलाकारों ने बखूबी अपना दायित्व निभाया है और अपनी लोक कला से सभी को मंत्रमुग्ध करने का काम किया है।*

*इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर की चारों परिधि में लोक सांस्कृतिक कला का रंग धर्मनगरी के साथ-साथ देश विदेशों में भी दिखाई दे रहा है। इसके साथ-साथ दिन-प्रतिदिन इस महोत्सव में आने वाले पर्यटकों की लोकप्रियता बढ़ती हुई नजर आ रही है। इस बार 21 दिन चलने वाले यह अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव विश्व के पटल पर अपनी एक अनोखी पहचान बनाएंगा।*

## टेराकोटा की मिट्टी से बने फ्लावर पोर्ट कर रहे आकर्षित



कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश प्रदेश के विभिन्न राज्यों, कस्बों से शिल्पकार पहुंच रहे है। इतना ही नहीं इस 21 दिन चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के सरस और शिल्प मेले में हस्त शिल्प कला का एक अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। अहम पहलू यह है कि देश प्रदेश की अनोखी हस्तशिल्प कला महोत्सव की फिजा का रंग बदलने का काम कर रही है। इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में दिल्ली से पहुंचे दयाचंद ने कहा कि वे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पिछले 15 सालों से आ रहे है। उन्होंने कहा कि अपने हाथों की मेहनत से ही हस्त शिल्पकला की गाथा लिखी, जिसके आधार पर उन्हें वर्ष 2005 में एपीजे अब्दुल कलाम के हाथों से राष्ट्रपति अवार्ड से भी नवाजे गया था। इतना ही नहीं वे अपने साथ दिल्ली से टेराकोटा की मिट्टी से बने फ्लावर पोर्ट, सज्जा सजावट का सामान साथ लेकर आए है। उन्होंने कहा कि वे इसके साथ-साथ सुराही, राजस्थानी स्टैचू, उरली, वॉल घड़ी इत्यादि लेकर आए है। जिसकी कीमत 250 से 3 हजार रुपए तक की है।

## यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी ने लगाया रक्तदान शिविर

यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के तट पर बूथ नंबर 747 पर ब्लड एवं स्वास्थ्य कैंप की सेवाएं जारी हैं। मुख्य अतिथि के रूप में डीएनटी बोर्ड के चेयरमैन जयसिंह पाल ने रक्तदान शिविर की शुरूआत की एवं रक्तदान किया। संस्थान के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर झांसा ने बताया कि संस्था पिछले 25 वर्षों से रक्तदान की सेवाएं दे रही है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर 2017 से लगातार रक्तदान एवं स्वास्थ्य कैंप लगाकर जरूरतमंदों एवं थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान मुहैया कराने का कार्य कर रही है। जिसमें विश्व रिकॉर्ड बना चुकी इस संस्था को बहुत प्यार व दुलार मिल रहा है। संस्था कि सराहना सरकारी व गैर सरकारी संगठनों ने बार-बार करती है। इस मौके पर विनोद पाल होलकर झांसा, हुकम सिंह, सचिन पाल, गुरमेल सिंह ककराला, मनीष ककहेड़ी, एलएनजेपी की टीम कुरुक्षेत्र की तरफ से डॉ विनोद, डॉ दीक्षा, सुमित, नवीन, जसबीर आदि मौजूद रहे।

## फर्स्टक्राइ स्कूल में बच्चों ने खेलकूद की गतिविधियों में लिया भाग




कुरुक्षेत्र। फर्स्टक्राइ इनटैलीटोटस प्री-स्कूल, ज्योतिनगर ने वार्षिक स्पोर्ट्स डे का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया। इस वर्ष का थीम एवरग्रीन हमारे युवा छात्रों में ऊर्जा, ताजगी और जीवनभर की फिटनेस की भावना को बढ़ावा देने का प्रतीक है। इस आयोजन में हमारे छोटे चैंपियनों ने विभिन्न आकर्षक दौड़ों और मजेदार गतिविधियों में भाग लिया। उनके आत्मविश्वास, टीमवर्क और जीवंत प्रदर्शन ने एवरग्रीन थीम के सच्चे सार को प्रतिबिंबित किया और समारोह को यादगार बना दिया। फर्स्टक्राइ इनटेलीटोटस प्रीस्कूल व डे केयर सेंटर, ज्योति नगर कि संचालिका श्रीमती स्वीटी कौशिक ने कहा कि इस आयोजन की सफलता हमारे शिक्षकों और कर्मचारियों की निरंतर समर्पण से संभव हुई, जिन्होंने हर बच्चे के लिए एक सहज और आनंदमय अनुभव सुनिश्चित किया।

## बुलेट बाइक से पटाखे बजाने वालों पर कसा शिकंजा



शाहबाद। नगर के हुड्डा पार्ट एक में हरियाणा पुलिस के कमांडो ने बुलेट मोटरसाइकिल के चालकों पर शिकंजा कसा। हरियाणा पुलिस के कमांडो राहुल और अक्षय ने बताया कुछ नवयुवक बाजरों और सड़कों पर बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखे छोड़ते हैं जिससे सड़क पर चलने वाले महिलाओं और बुजुर्ग डर जाते हैं और कोई हादसा हो सकता है। पुलिस कमांडो राहुल ने कहा कि जो नवयुवक अनुशासन में रहकर दो पहिया वहान चलते हैं उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए है। उन्होंने कहा नवयुवक अनुशासन की पालना करें।

## समाज में महिलाओं की विकसित होती भूमिका पर डाला प्रकाश



कुरुक्षेत्र। विद्या भारती द्वारा संचालित गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मातृशक्ति के सम्मान और परिवार व समाज में उनके सांस्कृतिक एवं नैतिक योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ अनीता दुआ ने दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया। छात्रों ने स्वागत गीत ह्य हम ही मातृ शक्ति हैंह्य द्वारा मातृशक्ति से जुड़े मूल्यों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। इस कार्यक्रम में माताओं की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं की सहभगिता उत्साहपूर्ण रही। कार्यक्रम मुख्य अतिथि, श्रीमती अनीता दुआ प्राचार्या, बी. एड. कॉलेज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए परिवार में मूल्य-आधारित संस्कारों के महत्व पर बल दिया।

## श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहादत को समर्पित भव्य महान नगर कीर्तन का आयोजन



शाहबाद। श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत को समर्पित भव्य महान नगर कीर्तन का आयोजन सोमवार को किया गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री मस्तगढ़ साहिब से आरंभ होकर गांव अजराना कलां तक निकला गया। रोटरी क्लब शाहाबाद मारकण्डा द्वारा सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किशनगढ़ रोड़ पर नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यह आयोजन सतलुज स्कूल समिति द्वारा स्पॉन्सर किया गया। इस अवसर पर रोटरी प्रधान तथा स्कूल प्रधानाचार्य रो. डॉ. आर एस. घुम्मन ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत मानवता, त्याग और धर्म रक्षा का अद्वितीय संदेश देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता की भावना को और मजबूत करते हैं। संगत को श्रद्धापूर्वक जल सेवा प्रदान की और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, रो. राज कुमार गर्ग,. डॉ. एस. एस. आहूजा, एस. सी. सिंगला, मीर सेठी, रो. संदीप ऋषि, रो. कुलदीप गुप्ता, स्कूल प्रधान संतोष कौर घुम्मन, उपप्रधान पूर्ण चंद शर्मा आदि रहे।

## सांसद खेल महोत्सव युवाओं को खेलों से जोड़ने का बन चुका राष्ट्रीय अभियान : सुभाष कलसाना



शाहबाद। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिताओं का आगाज खेल भावना और उत्साह से भरे माहौल में हुआ। सुबह के सत्र में आयोजित हॉकी मुकाबलों का शुभारंभ भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने और दोपहर के सत्र के मैचों की शुरूआत पार्षद ईशु सचदेवा ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर की। सुभाष कलसाना ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को खेलों से जोड़ने का राष्ट्रीय अभियान बन चुका है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण हैं बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता जैसी खूबियों का विकास भी करते हैं। सुभाष कलसाना ने इस महोत्सव की पहल का श्रेय सांसद नवीन जिंदल को देते हुए कहा कि वे राजनीति के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कोच गुरबाज सिंह, जिंदल हाउस से अजैब सिंह, ब्लॉक समिति चेयरमैन तरसेम सिंह, मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, यादविन्द्र लक्की राणा, नरेश कतलाहरी, सर्वजीत कलसानी, एडवोकेट मनदीप रावा, बिट्टू थडौली, अंकुर सिद्धू, हरसिमरण सिद्धू, संदीप सिंह, राकेश कुमार सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पिहोवा में मल्लिका नड्डा का भव्य स्वागत, जय भगवान शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा की भेंट



पिहोवा। धर्मनगरी पिहोवा में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की धर्मपत्नी श्रीमति मल्लिका नड्डा और कालका की पूर्व विधायिका लतिका शर्मा का रविवार देर सांय भव्य स्वागत किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी पंडित जय भगवान शर्मा ने सैकड़ों कार्यकतार्ओं के साथ दोनों अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया। पंडित जय भगवान शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया, जिसके साथ ही पूरे परिसर में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण बन गया। मल्लिका नड्डा की सहज व सरल व्यक्तित्व, सौम्य व्यवहार और संगठन के प्रति निष्ठा ने उपस्थित कार्यकतार्ओं को विशेष रूप से प्रेरित किया। परंपरा के अनुरूप पंडित जय भगवान शर्मा डी.डी. ने मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर श्रीमती नड्डा को सम्मानित किया। कार्यकतार्ओं के उत्साह और आशीर्वाद जैसे माहौल से प्रभावित होकर वे अत्यंत प्रसन्न दिखाई दीं। उन्होंने पंडित जय भगवान शर्मा द्वारा किए गए सम्मान की हृदय से सराहना की। इसके उपरांत श्रीमती नड्डा मां सरस्वती मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर माथा टेका। साथ ही उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में भी पहुंचकर नमन किया और प्रदेश एवं संगठन की उन्नति की कामना की। श्रीमती मल्लिका नड्डा ने कहा की पिहोवा मां सरस्वती की पवित्र भूमि है, जिसे पूरे विश्व में श्रद्धा और आस्था के साथ जाना जाता है। यहां स्थित मां सरस्वती का मंदिर अत्यंत पूजनीय है, जहां देश-विदेश से लोग दर्शन करने आते हैं। इसलिए इस पवित्र स्थल की सफाई व्यवस्था दुरुस्त और बेहतर रहनी चाहिए।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग) (51 से 100)

❖ विरेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री राजेन्द्र सिंह, गांव कबलाना, झज्जर ❖ श्री रामसरूप बैनीवाल सुपुत्र श्री छोटूराम बैनीवाल, कृष्णा कॉलोनी, कुंदन सिनेमा, जीन्द ❖ प्रवीन सुपुत्र श्री सत्यवीर, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ प्रवीन कुमार वर्मा सुपुत्र श्री कस्तूरी लाल वर्मा, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ कर्ण सिंह सुपुत्र श्री मुण्डे राम, मदाना झज्जर ❖ विजेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री प्रकाश चन्द्र वार्ड नं. 2, जुलाना, जीन्द ❖ ईश्वर (ईश्वर हेयर सैलून, पिल्लूखेड़ा) जामनी रोड, जीन्द ❖ अभय सिंह सुपुत्र स्व. श्री मामचन्द, दौंगड़ा अहीर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ मुस्कान योगी सुपुत्री श्री खुशीराम योगी, जाँट, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सौरव सुपुत्र श्री संजय कुमार, वार्ड 1, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ राजरानी धर्मपत्नी श्यमलाल मोहल्ला देदेवाडा मन्दिर गुढा, झज्जर ❖ संदीप कुमार जांगड़ा सुपुत्र श्री चांद सिंह, गांव रभड़ा, गोहाना, सोनीपत ❖ रामपाल पुत्र श्री रामेश्वर निवासी गांव छिछड़ाना, गोहाना जिला सोनीपत ❖ दया राम सुपुत्र श्री शम्भू राम, बोचारिया, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ हर्ष कुमार बावलिया सुपुत्र श्री जयवीर बावलिया, साल्हावास, झज्जर ❖ अजंलि सुपुत्री श्री प्रभात सिंह, गांव सिवाना, बेरी, झज्जर ❖ राजकुमार शर्मा सुपुत्र श्री रामानन्द शर्मा, पाना बैठ्यान वार्ड नं. 12, कस्बा बेरी, झज्जर ❖ ईन्द्र मोहन सुपुत्र श्री रघुवीर प्रसाद, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ रामबिलास सैनी सुपुत्र श्री मेहर सिंह सैनी, वार्ड 1, सिनेमा रोड, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री टेकराम फौजी सुपुत्र भूप सिंह, सेठों वाली गली, हरिपुरा मोहल्ला, वार्ड नं. 9, झज्जर ❖ विदित सिंगल सुपुत्र श्री सन्दीप सिंगल, महेश फैन्सी क्लॉथ स्टोर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ स्नेहा सुपुत्री श्री संजीव कुमार, कनीना, वार्ड नं. 8, महेन्द्रगढ़ ❖ दिव्या सुपुत्री श्री संदीप रूहिल, रोहद, बहादुरगढ, झज्जर ❖ सुमित रूहिल सुपुत्र श्री कृष्ण, गांव व डा. दहकोरा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ विजय भाटिया सुपुत्र श्री लाल चंद भाटिया, 5149/50, टॉपची वारा, रेवाड़ी ❖ सुधीर कुमार जैन पुत्र श्री रायचन्द जैन निवासी मकान नं. 263, सेक्टर 13, हुडा, भिवानी ❖ विधि सुपुत्री प्रहलाद अग्रवाल मुसेपुर (बेरली) रेवाड़ी ❖ अमित कुमार सुपुत्र श्री जगराम, माजरा, भाखली, मनेठी, रेवाड़ी ❖ अजय यादव सुपुत्र श्री हरकेश यादव, गांव गोलियाका, पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ यश वर्मा सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार वर्मा जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ ज्योत्सना पत्नी श्री संदीप निवासी 109/14, चरखी दादरी ❖ प्रदीप ग्रेवाल पुत्र श्री दयानन्द ग्रेवाल निवासी न्यू डिफेन्स कालोनी, रोहतक रोड़, गली नं.1, भिवानी ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री रामकुमार, गांव मनेठी, रेवाड़ी ❖ राजवंती पत्नी श्री महाबीर सिंह निवासी आर्य नगर, सोनीपत ❖ भारती आंतिल सुपुत्री श्री परवीन आंतिल, गांव व डा. कुराड़, इब्राहिम पुर मं नं. 122 ❖ विपिन सुपुत्र श्री राजीव, बछराना, बावल, रेवाड़ी ❖ उपराव सिंह पुत्र श्री नानु राम निवासी गांव सांखौल, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जयभगवान पुत्र श्री पोहकर मल निवासी धर्म विहार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी कोंट रोड़, गली नं. 4, शांति नगर, भिवानी ❖ राजेन्द्रा कुमार पुत्र श्री चिरन्जी लाल निवासी 906ए, सूर्या नगर, कोंट रोड़, भिवानी ❖ वेद प्रकाश पुत्र श्री भूप सिंह निवासी गांव मातन, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ इन्द्रसिंह सुपुत्र श्री देशराज सिंह गांव जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ सुरेन्द्र पुत्र श्री गोरधन, गांव बड़ौद, जींद ❖ उमेद सिंह सुपुत्र श्री शिवनारायण कुन्डू ❖ संजय कुमार सुपुत्र श्री दलबीर सिंह, गांव जामनी, सफीदों ❖ श्याम सुन्दर सुपुत्र श्री गोकुल राम, रेलवे रोड, नजदीक को-ऑपरेटिव बैंक, महेन्द्रगढ़ ❖ स्पर्श सुपुत्र श्री रमन, मं नं. 375/14, 4 मरला, सोनीपत ❖ महेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री रघुपाल बंसल, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री अर्जुन सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, गांव अटेली, नांगल, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ मिनाक्षी सुपुत्री श्री सोमबीर, दगड़ौली, बाढ़ड़ा, चरखी दादरी

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

- कार्यालय पता -

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005


**जागरुकता** राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर डॉ. जैन न्यूरोकेयर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

बीमारी से जुड़े मिथक कारण और लक्षणों पर विस्तृत जानकारी दी

# मिर्गी में मस्तिष्क की असामान्य विद्युत गतिविधि के कारण व्यक्ति को बार-बार आते दौरे : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डॉ. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु जैन एम.बी.बी.एस.,एम.एस.,एम.सी.एच (न्यूरोसर्जरी ) ने मिर्गी को एक गंभीर किन्तु पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी बताते हुए इससे जुड़े मिथकों, लक्षणों और उपचार पद्धतियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि मिर्गी एक क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जिसमें मस्तिष्क की असामान्य विद्युत गतिविधि के कारण व्यक्ति को बार-बार दौरे आते हैं। दौरे अचानक हो सकते हैं और इससे अस्थायी भ्रम, चेतना का खो जाना, हाथ-पैरों का अनियंत्रित कांपना, प्रतिक्रिया देने की क्षमता का कुछ समय के लिए समाप्त हो जाना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस समस्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं—सिर में गंभीर चोट, ब्रेन स्ट्रोक, ट्यूमर, आनुवंशिक कारण, प्रसवपूर्व मस्तिष्क क्षति, ऑटिज्म या न्यूरोफाइब्रोमैटोसिस जैसे विकास संबंधी विकार तथा मैनिंजाइटिस, एन्सेफलाइटिस या न्यूरोकाइस्टिसरकोसिस जैसे संक्रमण। कई मामलों में जेनेटिक्स की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। अपने संबोधन में उन्होंने मिर्गी के दो प्रमुख प्रकारों—जनरलाइज्ड एपिलेप्सी और फोकल एपिलेप्सी—के बारे में बताया और कहा कि अधिकांश मरीज दवाओं से पूरी तरह सामान्य जीवन जी सकते हैं, जबकि कुछ विशेष परिस्थितियों में सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है। इस अवसर पर डॉ.रूचि जैन, डॉ.संजय शर्मा,डॉ. शालू, डॉ.प्रीती, डॉ दिनेश,डॉ.तस्वी, मोनिका, दीपिका, प्रिंस, गुरमीत, एकता, अमृत, अंजू, रुमा, विकास, गौरव इत्यादि मौजूद रहे।

### जागरुकता से किया जा सकता नियंत्रित

डा. हिमांशु जैन ने समाज में प्रचलित गलत धारणाओं को दूर करते हुए यह संदेश दिया कि मिर्गी किसी भी व्यक्ति में हो सकती है और समय पर उपचार तथा जागरूकता से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। दौरा आने की स्थिति में प्राथमिक सहायता पर जोर देते हुए डॉ. जैन ने बताया कि मिर्गी के मरीज को घबराहट में गलत उपाय करने के बजाय सुरक्षित करवट से लिटाना, कपड़े ढीले करना, सिर के नीचे मुलायम वस्तु रखना, सांस लेने में किसी प्रकार की बाधा न होने देना और भीड़ न लगाने देना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि मरीज के मुंह में कोई वस्तु न डालें, उसे दबाएँ नहीं और न ही प्याज या जूते-चप्पल सुंघाएँ, क्योंकि इससे नुकसान के आसार बढ़ जाते हैं। यदि दौरा पाँच मिनट से अधिक चले तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए।


डा. हिमांशु जैन

### दवा का नियमित सेवन और परामर्श ही प्रभावी तरीका

मिर्गी के दीर्घकालिक नियंत्रण के लिए डॉ. जैन ने जीवनशैली में सुधार को अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि शराब और धूम्रपान से दूरी, तनाव और गुस्से पर नियंत्रण, पर्याप्त नींद, योग, ध्यान, प्राणायाम तथा फल-सब्जियों का नियमित सेवन मरीज की स्थिति को काफी बेहतर बनाता है। सही दवा का नियमित सेवन और परामर्श ही मिर्गी से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. जैन ने कहा, ह्लमिर्गी एक आम और इलाज योग्य बीमारी है। हमें इससे डरने की नहीं, बल्कि इसके बारे में सही जानकारी फैलाने की आवश्यकता है। समाज की सकारात्मक सोच और समय पर उपचार से हर मरीज सामान्य और सम्मानजनक जीवन जी सकता है।

## खबर संक्षेप

### 30 ग्राम 36 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर के चड्ढा पैलेस के सामने से अवैध नशा बेचने के मामले में सीआईए-2 ने डेहा कॉलोनी के आरोपी नीरज को 30 ग्राम 36 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोप को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थो की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर उसे काबू किया। नाकाबंदी के दौरान आरोपी ने नशे के साथ मोटर साइकिल भी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस भी दर्ज किया है।

### नकदी व मोबाइल लूट मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-नारायणगढ ने आरोपी गुरनाम व रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। परशुराम नगर के मुकेश कुमार ने 7 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव तेपला के पास से आरोपियो ने उससे नकदी व मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जिम्मेवारी सीआईए नारायणगढ़ को दी गई थी। अब पुलिस ने मामले में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। उनसे मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई।

### श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी यात्रा

# ऐतिहासिक गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब पहुंचा भव्य नगर कीर्तन, श्रद्धालुओं ने की फूलों की बरसात





**अंबाला।** यात्रा की अगुवाई करते पंज प्यारे व शैंड शो में कला दिखाते युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री गुरु तेग बहादुर की 350 वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) ऐतिहासिक गुरूद्वारा पंजोखरा साहिब में पहुंची। यहां पहुंचने पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी, हरियाणा सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यगण, प्रधान व श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पवित्र नगर कीर्तन का भावपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर समूह संगत ने माथा टेककर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी भी मौजूद रहे। इस दौरान पंज प्यारों तथा यात्रा के साथ चल रहे हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों को गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यगणों ने सिरोपे देकर उनका श्रद्धापूर्वक सम्मान भी किया गया। इससे पहले ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) के दौरान गतका का भी शानदार प्रदर्शन किया गया। समूह संगतण ने माथा टेका और आशीर्वाद भी प्राप्त किया। बता दें कि पंज प्यारों की अगुवाई में चल रही यह पवित्र यात्रा प्रातः गुरूद्वारा टोका साहिब से चली थी जिसके बाद कालाअंब, नारायणगढ व शहजादपुर होते हुए शाम को गुरूद्वारा पंजोखरा साहिब में पहुंची है। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा की गई सेवा भावना—लंगर वितरण, प्रसाद और पुष्प वर्षा—इस यात्रा को मानवता, त्याग और धार्मिक सौहार्द का प्रेरणादायक प्रतीक बना रही है। यह यात्रा श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान, धर्म रक्षा और मानव अधिकारों के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही है। हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज इस नगर कीर्तन में शामिल होंगे। नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा का श्रद्धापूर्वक भव्य स्वागत भी किया जाएगा।



**अंबाला।** अंबाला में प्रवेश करता नगर कीर्तन, गतका का प्रदर्शन करते सिख।



फोटो : हरिभूमि

### आज यहां से प्रारंभ होगी यात्रा

18 नवंबर को यह यात्रा गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब से प्रारम्भ होकर तोपखाना, जीओसी बंगला, डिफेंस कॉलोनी गुरूद्वारा साहिब, कलरेहडी, बोह, बब्याल-पॉवर हाउस रोड, चांदपुरा रोड, रामपुर, सरसेहडी, जगाधरी रोड, महेशनगर, एसडी कालेज, सुभाष पार्क, सिंह सभा गुरूद्वारा साहिब (हरगोलाल रोड), चौडा बाजार, बजाजा बाजार, कसेरा बाजार, गुरू नानक रोड, कबाड़ी बाजार, मच्छी मोहल्ला, गुरूद्वारा कक्षत्री टांक, पंजाबी गुरूद्वारा, विजय रतन चौक, राय मार्केट, गोल चक्कर, तोपखाना बाजार से होते हुए गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा। ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब से 18 को प्रातः 9 बजे ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) का शुभारंभ होगा।

### उकेरी गई गुरु तेग बहादुर की गाथा

*हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में उनके साहस, त्याग और बलिदान की गाथा को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से ऐतिहासिक गुरूद्वारा पंजोखरा साहिब में सैंड आर्ट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने रेत की कला के माध्यम से गुरु साहिब के जीवन आदर्शों और अमर विरासत पर आधारित सैंड आर्ट शो प्रस्तुत किया। शो के माध्यम से श्री गुरू तेग बहादुर के महान बलिदान को भी दर्शाया गया। श्री गुरू तेग बहादुर ने धर्म की रक्षा व मानवता के लिए जो कार्य किया है उसको यहां पर शो के माध्यम से दिखाने का काम किया गया। इसके साथ-साथ गुरू तेग बहादुर के सेवक भाई मति दास, भाई सति दास, भाई दयाला के भी बलिदान को यहां पर आर्ट शो के माध्यम से दर्शाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायिका संतोष चौहान सारवान, एसडीएम छावनी विनेश कुमार, बीएस बिंद्रा, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व उप प्रधान सुदर्शन सहगल, अमरेंद्र सिंह, हैड ग्रंथी सरदार ज्ञानी बुटा सिंह, कुलदीप बडौला, अनूप मोहड़ा, कर्म सिंह, अजयकांत शर्मा, सोहन लाल, धर्मपाल के साथ-साथ सिख समाज के अनेक प्रतिनिधि, सिख संगत मौजूद रही।*

### नगर कीर्तन का भव्य अभिनंदन

**नारायणगढ़।** श्री गुरु तेग बहादुर की 350 वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) ने नारायणगढ़ क्षेत्र को आध्यात्मिकता, सेवा और भाईचारे के रंग में रंग दिया। यह यात्रा जिला पंचकूला से अंबाला के गांव भूरेवाला पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पवित्र नगर कीर्तन का भावपूर्ण स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों और ग्रामीणों ने यात्रा का सम्मानपूर्वक स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी की धर्मपत्नी ममता सैनी, बीडीपीओ जोगेश कुमार, गुरुद्वारा सिंह सभा साहिब प्रबंधक कमेटी भूरेवाला के प्रधान सरदार रघुबीर सिंह, सरपंच सीमा रानी, बीडीसी मेंबर दीप चंद सैनी, सतीश कुमार, जगीर सिंह, गुरमीत सिंह, इकबाल सिंह, कुलवंत सिंह, कुलदीप सिंह सहित भारी संख्या में सिख संगत और ग्रामीण उपस्थित रहे। पुष्प वर्षा कर पवित्र नगर कीर्तन का भावपूर्ण स्वागत किया। इस दौरान पंज प्यारों तथा यात्रा के साथ चल रहे हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य गुरजीत सिंह, हरजिंदर सिंह रच्छेडी, मुख्तयार सिंह, सिकंदर सिंह, सुपरवाइजर गुरप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह का भी सिरोपे देकर सम्मान किया गया।

# बराड़ाः पीलिया का बढ़ता कहर कई इलाकों में मरीज आए सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा।






**बराड़ा।** पीलिया से ग्रसित लोग। फोटो : हरिभूमि

कस्बे में दूषित जल सप्लाई, बढ़ते मरीज और जागरूकता की कमी के चलते स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इसके चलते कस्बे में पीलिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। वार्ड नंबर 16 से लिए गए 11 सैंपल्स में से चार में हेपेटाइटिस–A की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। अगर बात की जाए वार्ड नंबर 16 के अतिरिक्त अन्य कई इलाकों में भी पीलिया अपने पांव पसारने लगा है। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों यहां की योगी बस्ती से 11 लोगों में हेपेटाइटिस की जबकि अमर एनक्लेव( रावण कॉलोनी ) में भी तीन से चार लोगों में हेपेटाइटिस के लक्षण मिले हैं जबकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होनी है। इसी प्रकार प्रीत नगर में भी पीलिया के मरीज होने की सूचना प्राप्त हुई है जबकि बराड़ा गांव स्कूल -वृद्ध आश्रम के नजदीक भी लोगों में पीलिया के लक्षण वाले मरीजों के मिलने की सूचना है। ग़ौरतलब है पिछले दिनों एसडीएम ऑफिस के समक्ष और छाबड़ा कॉलोनी के पीछे वाली कॉलोनी में भी पीलिया के मरीज मिले थे। अगर इन आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो नगर पालिका क्षेत्र डा के सभी 16 वार्डों में पीलिया के संभावित मरीजों की बात इनकार नहीं किया जा सकता है। चिकित्सको ने भी अंदेशा जताया कि हर वार्ड में पीलिया ग्रस्त मरीज हो सकते हैं हालांकि चिकित्सक इस बात की पुष्टि नहीं कर रहे क्योंकि उनका कहना है कि जब तक खून के सैंपल लेकर जांच ना की जाए तब तक किसी भी की मरीज में बीमारी की पुष्टि करना संभव नहीं है। लेकिन कस्बा के निजी डॉक्टरों और सीएचसी में प्रतिदिन पीलिया बीमारी जैसे लक्षण के मरीज रोजाना बड़ी तादाद में आ रहे हैं। फिलहाल विभाग की टीमों ने प्रभावित इलाके में सर्वे, घर–घर जागरूकता और जांच अभियान शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि स्वच्छ जल आपूर्ति और समुचित निगरानी व्यवस्था तुरंत नहीं सुधारी गई तो खतरा बढ़ सकता है।

### प्रेस केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का दर्पणः तुषार सैनी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के सेमिनार हॉल में नेशनल प्रेस-दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने नेशनल प्रेस-दिवस की बधाईयां और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान में चुनौतियों के बावजूद भी भारतीय प्रेस निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रोफेसर पूनिया ने कहा कि विद्यार्थियों को भारतीय प्रेस के संपूर्ण इतिहास से सीखते हुए दैनिक जीवन में कुछ न कुछ लिखते रहना चाहिए ताकि वे भविष्य में वे एक अच्छे पत्रकार बन सके। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार के मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी ने कहा कि प्रेस लोकतंत्र की आत्मा है। यह केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है।

# दस सालों में असंगठित सेक्टरों में काम करने वाले कामगार और कर्मचारियों की हालत बेहद खस्ता

### नौकरी की बजाय गुलामी कर रहे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते एडवोकेट रोहित जैन।

अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की ओर से संगठन को मजबूत बनाने के लिए अहम नियुक्तियां की गई हैं। नियुक्ति के बाद सभी पदाधिकारियों को असंगठित सेक्टरों में काम करने वाले कामगार और कर्मचारियों को जागरूक कर उनके हितों की सुरक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं पूर्व सांसद उदित राज की ओर से जारी किए गए आदेश में बलजीत सिंह रंगा को केकेसी हरियाणा का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इसी तरह पुरुषोत्तम कुमार को केकेसी शहरी व कुलदीप सिंह ठरवा को केकेसी ग्रामीण का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन कमेटी के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति पर खुशी जताते उन्हें बधाई दी। जैन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को अन ऑर्गेनाइज्ड वर्कर्स और एम्प्लॉइज़ के अधिकार और सुविधाओं के लिए काम करने का आग्रह किया। जैन ने कहा कि पिछले दस सालों में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों व कर्मचारियों की हालात बेहद खराब हो गई। ज्यादातर कामगार व कर्मचारियों को काम की बजाय गुलामी करवाई जा रही है। कहा कि कम वेतन पर कर्मचारियों से 12-12 घंटे काम करवाया जा रहा है। वेतन बढ़ाने के नाम पर इन कर्मचारियों को नौकरियों से निकलाने की धमकियां दी जाती हैं। जैन ने कहा कि प्रदेश में घरों से कूड़ा उठाने वाले 10 हजार से ज्यादातर सफाई कर्मचारियों को पिछले दस सालों से ठेकेदारों की गुलामी करनी पड़ रही है। ये कर्मचारी 10-12 हजार रुपये के वेतन पर लोगों के घरों से गंदगी उठा रहे हैं।

### इनका जताया आभार

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्तियों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता विपक्ष राहुल गांधी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा, केकेसी के राष्ट्रीय चेयरमैन उदित राज के साथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह , केकेसी के प्रदेशाध्यक्ष नरेश मलिक, सांसद वरूण मुलाना का भी आभार जताया। मौके पर डीएनटी के अध्यक्ष अशोक बरतिया, जितेंद्रपाल सोढी, विपिन गर्ग, पंडित राजपाल, गौरव कुकरेजा, किरण राणा, अमित कुमार व अमन उप्पल ने भी नई नियुक्तियों पर पदाधिकारियों को बधाई दी।

# किसानों की समस्याओं का समाधान करना मुख्य प्राथमिकताः नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



**शहजादपुर।** मीटिंग के दौरान मौजूद मार्केट कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारी।

कार्यालय मार्केट कमेटी में नवनियुक्त अध्यक्ष नरेंद्र राणा कुराली की अध्यक्षता में पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कमेटी के सभी नवनियुक्त सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित रहे नरेंद्र राणा कुराली (चेयरमैन), भूषण अग्रवाल (वाइस चेयरमैन), सदस्य बलबीर सिंह, भूषण शर्मा, रविन्द्र आर्य, मुकेश, सुखविंद्र सैनी, जसबीर सिंह, अम्मी चंद, श्रीपाल, दलबीर सिंह, भूपिंदर सिंह सैनी, सचिन वालिया, शिव चानना, हरपाल अरोड़ा, राकेश कुमार, सोमनाथ, रमेश लाल, सतीश कुमार मौजूद रहे। कमेटी स्टाफ मौजूद रहा जिनमें- अखिलेश कुमार, दीपक कुमार, रविंद्र कुमार, दिनेश मार, अशोक कुमार, सतीश कुमार, राम कुमार, अनिल कुमार । बैठक के दौरान नवनियुक्त सदस्यों एवं कर्मचारियों का आपसी परिचय कराया गया। इस अवसर पर सचिव अखिलेश कुमार ने मार्केट कमेटी के अंतर्गत आने वाली योजनाओं एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी ताकि सदस्य इन योजनाओं को क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों तक पहुंचा सकें। चेयरमैन नरेंद्र राणा ने कहा कि मार्केट कमेटी का उद्देश्य किसानों और व्यापारियों को पारदर्शी व्यवस्था, सुविधाजनक वातावरण और बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता है। सभी सदस्यों और अधिकारियों के सहयोग से मंडी व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

# खेल भविष्य की नई उम्मीद : खैहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

जजपा युवा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसविंदर खैहरा पिहोवा हल्के के गाँव चनाहेड़ी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे मैदान में सैकड़ों युवा खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था, जिसने आयोजन को एक बड़े स्पोर्ट्स फेस्टिवल का रूप दे दिया। खैहरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, उनके खेल कौशल की प्रशंसा की और सभी प्रतिभागियों को दिल से शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, मेहनत, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का सबसे बड़ा मंच है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीण युवाओं में अपार प्रतिभा है, जिसे सही दिशा मिले तो वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धियाँ हासिल कर सकते हैं। संबोधन में कहा—खेल सिर्फ़ खेल नहीं, भविष्य की नई उम्मीद है। जब युवा मैदान में उतरते हैं, तो वे खुद को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की क्षमता पैदा करते हैं। उन्होंने चनाहेड़ी पंचायत और आयोजन समिति की प्रशंसा करते कहा कि गाँवों में इस तरह के भव्य खेल आयोजन सामाजिक सौहार्द, युवा ऊर्जा और सकारात्मक माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, जीवन का विज्ञान : मदन मोहन छाबड़ा

- होने वाली प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी में गीता के संदेश के साथ मानवता को जोड़ने पर मंथन होगा
- श्रीमद्भगवत गीता ग्रंथ को पढ़ने व समझने के साथ मानवता तक गीता संदेश को पहुंचाने की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता ज्ञान संस्थान में गीता के ज्ञान और कर्मयोग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी का आयोजन होगा। 26 को होने वाली प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी में गीता के संदेश के साथ मानवता को जोड़ने पर मंथन होगा। प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी की तैयारियों को लेकर गीता संस्थान में संगोष्ठी संयोजक मदन मोहन छाबड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगोष्ठी के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई और अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत संस्थान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने पर भी मंथन हुआ।



### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से श्रीमद्भगवत गीता ग्रंथ को पढ़ने व समझने के साथ मानवता तक गीता संदेश को पहुंचाने की नई पहल की गई है, क्योंकि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, जीवन का विज्ञान है। इसे हर क्षेत्र की आवश्यकता अनुसार जीवन में उतारना ही राष्ट्र निर्माण की दिशा है। उन्होंने कहा कि गीता मनीषी के जीओ गीता अभियान के अंतर्गत अब शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, न्याय, पुलिस, सेना, जेल प्रशासन, मीडिया और सामाजिक नेतृत्व के साथ हर क्षेत्र के लिए गीता लिखी गई हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण को नई दिशा मिल रही है। इस अवसर पर विवेक कोहली, तरुण शास्त्री, पवन मित्तल, राजेश सैन, चंद्रिका, कमल बत्रा, डॉ. देवेंद्र, डॉ. सुनील भारती और डॉ. श्याम लाल के अलावा संगोष्ठी से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों, अध्यापकों, समन्वयकों और कार्यकताऱ्ओं ने भाग लिया।

### शैमफोर्ड स्कूल में भव्यता के साथ मनाया स्थापना दिवस

# नागालैंड व मणिपुरी नृत्य से छात्रों ने मचाया धमाल

- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ खेलकूद-फिटनेस गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा






**बराड़ा।** मुख्यअतिथि का स्वागत करते हुए बच्चे व प्रस्तुति देते छात्र । फोटो : हरिभूमि

शैमफोर्ड विद्यालय में स्थापना के 15 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर रोशनी, सजावट और उल्लास से जगमगा उठा। इस कार्यक्रम को लेकर स्टूडेंट्स, अभिभावकों और शिक्षकों में इस अवसर को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शैमरॉक ग्रुप ऑफ स्कूल्स की निदेशक मीनल अरोड़ा एवं अनमोल अरोड़ा उपस्थित रहे।

साथ ही वैश्विक शांति ब्रह्माकुमारीज़ की निदेशक बीके अनीता दीदी ने भी समारोह की गरिमा बढ़ाई। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा आयोजित अनुशासनपूर्ण मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वागत नृत्य और विद्यार्थियों की प्रस्तुत कविताओं ने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों के "फ्लावर डांस" से हुई, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद नागालैंड नृत्य, फ्यूजन डांस, मणिपुरी नृत्य, कव्वाली प्रस्तुति, रट्रो डांस और देशभक्ति पर आधारित नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हरियाणवी नृत्य ने स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाई, जबकि छात्रों की कविताओं ने कार्यक्रम में साहित्यिक रस घोल दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ खेलकूद और फिटनेस गतिविधियां भी बड़े आकर्षण का केंद्र रहीं। विद्यार्थियों के स्केटिंग, कराटे और योग प्रदर्शन ने दर्शकों से खूब सराहना बटोरी। बच्चों ने आत्मरक्षा, संतुलन और एकाग्रता का अद्भुत प्रदर्शन कर सबको प्रभावित किया। विद्यालय की 15 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित जर्नी ऑफ स्कूल की प्रस्तुति ने विद्यालय की विकास यात्रा को सजीव रूप में दर्शाया। इसके बाद गुजराती नृत्य की रंगीन प्रस्तुति, अभिमन्यु एक्ट के माध्यम से महाभारत की वीरगाथा, तथा हास्य से भरपूर हॉरर कॉमेडी ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। मुख्य अतिथि मीनल अरोड़ा ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और विद्यालय की उपलब्धियों की खूब प्रशंसा की। अनमोल अरोड़ा ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं बल्कि जीवन मूल्यों का आधार है। विद्यालय बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित कर रहे हैं। बीके अनीता दीदी ने बच्चों को सकारात्मक सोच, आत्मबल और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।